2. आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड के अधिकारियों और कर्मचारियों की शक्तियाँ एवं कर्तव्य

(क) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं और अपने निदेशक मंडल और सरकार के प्रति जिम्मेदार हैं। वे निगम के प्रभावी कामकाजों एवं अपने कारपोरेट उद्देश्यों और निष्पादन मापदंड़ों को प्राप्त करने के लिए जिम्मेदार हैं।

(ख) निदेशक (वित्त)

निदेशक (वित्त) निदेशक मंडल के सदस्य हैं और कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को रिपोर्ट करते हैं। वे संगठन के वित्त और लेखा कार्यों के समग्र प्रभारी हैं और वित्तीय नीतियों, बजट, लागत, वित्तीय नियंत्रण, कारपोरेट नियमों एवं सांविधिक आवश्यकताओं के अनुपालन में वित्तीय विवरण की तैयारी के साथ संबंधित नीतियों के निर्माण एवं विकास तथा उनके समुचित कार्यान्वयन करने के लिए जिम्मेदार हैं।

(ग) निदेशक (विपणन)

निदेशक (विपणन) निदेशक मंडल के सदस्य हैं और अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को रिपोर्ट करते हैं। वे कंपनी के विपणन विभाग के प्रधान हैं। कंपनी की लाभप्रदता और उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए वे विपणन नीतियों के सूत्रीकरण और कार्यान्वयन सहित, कंपनी के विपणन कार्यों के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं।

(घ) निदेशक (तकनीकी)

निदेशक (तकनीकी) निदेशक मंडल के सदस्य हैं और कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को रिपोर्ट करते हैं। वे परियोजनाओं के कार्यान्वयन, निर्देश प्रदान करने, उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नई पद्धतियों को अपनाने, समग्र विकास, योजना, विभिन्न गतिविधियों की निगरानी

आदि के लिए तकनीकी कार्यक्रमों के सूत्रीकरण सहित कंपनी के सभी तकनीकी कार्यों के समन्वयन के लिए जिम्मेदार हैं।

(ङ) मुख्य सतर्कता अधिकारी

मुख्य सतर्कता अधिकारी सतर्कता विभाग के प्रभारी हैं और अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को रिपोर्ट करते हैं।

(च) प्रधान (मा.सं.प्र)

प्रधान (मा.सं.प्र) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को रिपोर्ट करते हैं। वे मा.सं.प्र. की नीतियों एवं रणनीतियों के सूत्रीकरण एवं निष्पादन के लिए जिम्मेदार हैं।

(छ) प्रधान (अनुसंधान एवं सुरक्षा)

प्रधान (अनुसंधान एवं सुरक्षा) कारपोरेट अनुसंधान एवं विकास और कारपोरेट सुरक्षा विभागों के प्रभारी हैं। वे अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को रिपोर्ट करते हैं।

(ज) चवरा, मणवालकुरिच्चि, आरईडी एवं ऑसकॉम के यूनिट प्रमुख

प्रत्येक यूनिट के यूनिट प्रमुख संबंधित यूनिट के निष्पादन के लिए जिम्मेदार हैं। वे उत्पादन, रखरखाव, परियोजनाओं, वित्त, क्रय, भंडार एवं प्रेषण, मा.सं.प्र, सुरक्षा एवं पर्यावरण और यूनिट की गुणवत्ता के लिए जिम्मेदार हैं।

मुंबई में, निदेशकों एवं अन्य कार्यात्मक प्रधानों को रिपोर्ट करने वाले अधिकारी वर्ग के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व और यूनिट प्रमुखों को रिपोर्ट करने वाले अधिकारी वर्ग के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व संबंधित निदेशकों एवं यूनिट प्रमुखों के पास उपलब्ध हैं।